YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली › शुक्रवार, 14 अक्टूबर 2022 › आश्विन 22 शक संवत 1944 कार्तिक कृष्ण पंचमी विक्रम संवत 2079 www.navbharatgold.com वर्ष 76, संख्या 245 › पेज 24* › नोएडा › मूल्य 4.00 या 9.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*व्यावसायिक खरीद पर ही लागू



यूपी रेरा में एक महीने में रेकॉर्ड 36 नई परियोजनाएं रजिस्टर्ड

■ विशेष संवाददाता, ग्रेनो

यूपी रेरा में एक माह में रेकॉर्ड 36 नई परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं। इनमें एनसीआर में 12 तो नॉन एनसीआर में इनकी संख्या 24 है। एनसीआर में सबसे अधिक गाजियाबाद में 7, उसके बाद नोएडा में 3 और मेरठ में 2 परियोजनाएं रजिस्टर्ड हुई हैं।

सितंबर में दर्ज हुईं इन नई परियोजनाओं में 32 आवासीय और 4 व्यवसायिक परियोजनाएं हैं। इनकी अनुमानित लागत 3648.35 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं से कुल 8116 इकाइयों/ यूनिटस का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 6931 नई आवासीय और 1185 व्यवसायिक यूनिटस प्रस्तावित हैं।

नॉन-एनसीआर जिलों में पंजीकृत 24 परियोजनाएं नए उभरते ट्रेंड को दर्शाती हैं। वर्तमान में नॉन-एनसीआर जिलों में ज्यादा परियोजनाए पंजीकृत हो रही है जबकि 2017 में यह आंकड़ा 50:50 का था। नॉन-एनसीआर में सबसे ज्यादा 4-4 परियोजनाएं आगरा व लखनऊ में पंजीकृत की गई है। इसके अलावा कानपुर, वृंदावन और मुरादाबाद में 3-3, और गोरखपुर में 2 शामिल हैं। वहीं, झांसी, वाराणसी और गोरखपुर जिलों में एकल परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं। वर्तमान में यूपी रेरा में 3300 से ज्यादा परियोजनाएं पंजीकृत है।

■ **एनसीआर में सबसे अधिक गाजियाबाद में 7, उसके बाद नोएडा में 3 और मेरठ में 2 परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं**

बिल्डरों की संस्था क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज गौड़ ने कहा कि यूपी में कई विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर काम चल रहा है। यहां सुदृढ़ विकास एवं बहुआयामी औद्योगिक निवेश के अनुकूल माहौल आदि से रियल एस्टेट सेक्टर को बढ़ावा मिला है। नोएडा व गुरुग्राम में कार्यरत एआईपीएल के सीएफओ अनूप अग्रवाल ने कहा आरबीआई द्वारा रेपो दर में बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद घर खरीदारों के उत्साह में कमी नहीं आई है। बल्कि कोरोना महामारी के लंबे अंतराल के बाद दीवाली में इसकी मांग और बढ़ने की उम्मीद है।